बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–04/2022, शिक्षा विभाग, बिहार के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–22.12.2022 को (12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक) बिहार के तेरह जिला मुख्यालयों में आयोजित की जायेगी। यह लिखित परीक्षा 150 प्रश्नों की होगी, जिसमें सामान्य अध्ययन के 75 प्रश्न (75 अंक) एवं डी॰एल॰एड॰ विषय से संबंधित 75 प्रश्न (75 अंक) की वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय परीक्षा ओ॰एम॰आर॰शीट॰ **(OMR Sheet)** पर ली जायेगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटे जायेंगे।

उपर्युक्त परीक्षा से संबंधित उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र आयोग वेबसाईट **www.bpsc.bih.nic.in** अथवा **www.onlinebpsc.bihar.gov.in** पर परीक्षा के एक सप्ताह पूर्व से उपलब्ध रहेंगे, जिन्हें डाउनलोड कर उम्मीदवार परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

उम्मीदवारों को डाक से(By Post)प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे।

14.12.22

परीक्षा नियंत्रक,

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना